महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2021 / 1264 / 11906 – 11911 दिनांकः–01.07.2021

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महा0ज्यो0फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–मा0 प्रधानमंत्री जी अध्यक्षता में दिनांक 14.12.2019 को सम्पन्न राष्ट्रीय गंगा परिषद की प्रथम बैठक में लिए गये निर्णयों का अनुपालन किय जाने के सम्बन्ध में।

महादेय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्रांक संख्या 1410 / सत्तर–3–2020–08(01) / 2020, दिनांक 30.06.2021 के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि मा0 प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में कानपुर में दिनांक 14.12.2019 को सम्पन्न राष्ट्रीय गंगा परिषद की प्रथम बैठक में दिए गए निर्देश के क्रम में दिनांक 15 जनवरी, 2020 द्वारा दिनांक 27 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2020 तक जनपद बिजनौर से कानपुर तथा जनपद बलिया से कानपुर तक गंगा यात्रा का आयोजन किए जाने हेतु दिशा–निर्देश जारी किए गए थे। महाविद्यालयों में रा0से0यो0 ईकाईयों द्वारा गंगा यात्रा आयोजन के दौरान दिनांक 22.01.2020 से 31.01.2020 तक शासन के संलग्न पत्र के अनुसार विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराने हेतु प्रेरित किया गया।

उक्त के संबंध में आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय की रा0से0यो0 ईकाइयों के स्वंयसेवक द्वारा शासन के संलग्न पत्र के अनुसार गतिविधियां आयोजित करने उपरान्त प्रतिदिन के कार्यक्रम की आख्या, (वीडिया क्लिपिंग, फोटोग्राफ्स एवं समाचार पत्रों कटिंग्स सहित) दिनांक 14.07.2021 को सांय 5:00 बजे तक इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com पर भेजने का कष्ट करें। जिससे समेकित आख्या समय से उच्च शिक्षा अनुभाग–3 / राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0 प्रकोष्ठ को प्रेषित की जा सके।

भवदीय

(डा0सोमपाल सिंह)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव को संज्ञानार्थ।
3. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4. राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन लखनऊ।
5. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना